16.05.2024 | आकाशवाणी जयपुर–अजमेर प्रादेशिक समाचार | समय 18.30

○ राज्य में भीषण गर्मी के बीच आज गंगानगर में पारा 46 डिग्री से ऊपर पहुंचा–मौसम विभाग ने भीषण लू के नये दौर के आगामी एक सप्ताह जारी रहने की संभावना जताई।

○ राज्य की पहली महिला उपमुख्यमंत्री डॉ. कमला बेनीवाल का पूरे राजकीय सम्मान से अंतिम संस्कार–विभिन्न राजनेताओं ने उन्हें श्रद्धाजंलि दी।

○ देश में लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चार चरणों में 45 करोड से ज्यादा लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

○ प्रदेश में 4 जून को होने वाली लोकसभा चुनावों की मतगणना के लिए कार्मिकों का प्रशिक्षण शुरू।

000

राज्य में भीषण गर्मी के बीच आज गंगानगर में दिन का पारा 46 डिग्री से ऊपर दर्ज किया गया। मौसम विभाग द्वारा अब से कुछ देर पहले जारी आंकड़ो के अनुसार बाड़मेर में भी अधिकतम तापतान 46 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इसके अलावा उत्तर–पश्चिमी हिस्सों में चूरू सहित कई स्थानों पर पारा 45 डिग्री को पार कर गया। हमारे चूरू संवाददाता ने बताया कि शहर में आज का दिन सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। सुबह से ही लोग तेज गर्मी के कारण परेशान हो रहे हैं।

..................

सवाईमाधोपुर जिले में आज भी तापमान में बढ़ोतरी दर्ज होने से तेज गर्मी रही। दिन में बाजारों में सन्नाटा देखा गया, वहीं लोग धूप और गर्मी से बचने के लिए अनेक जतन करते नजर आए। पर्यटन नगरी जैसलमेर में सूर्य देवता का रौद्र रूप लगातार जारी है। सवेरे से ही सूर्य देवता के तेवर तीखे नजर आए। वहीं दोपहर में अंगारे बरसाती गर्मी से बाजार सूने नजर आए। भीषण गर्मी के चलते स्वर्ण नगरी के पर्यटन स्थलों पर भी सन्नाटा पसरा नजर आया। गर्मी के कारण सैलानियों की आवक थम सी गई है और पर्यटन से जुड़ी दुकानें भी बंद ही नजर आ रही है। पाली में तापमान 43 डिग्री तक पहुंच गया है। ऐसे में कूलर, ए.सी. की मांग बढ़ गई है, जगह–जगह पानी के मटके और कैम्पर रखकर बाजारों में प्याऊ लगाई गई है, साथ ही बाजार में छाया के लिए त्रिपाल लगाए गई है। टोंक में भी भीषण गर्मी रही। इस बीच मौसम विभाग ने कहा कि आज से शुरू हुए लू के नये दौर के अगले एक सप्ताह तक जारी रहने की संभावना है।

जयपुर, भरतपुर और कोटा संभाग के कुछ हिस्सों में आगामी 48 घंटों में अधिकतम तापमान 43–45 डिग्री सेल्सियस दर्ज होने तथा कहीं–कहीं लू चलने की प्रबल संभावना है। जोधपुर, बीकानेर संभाग में आगामी 2–3 दिन 25 से 30 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी चलने के भी आसार हैं।

000

राज्य की पहली महिला उपमुख्यमंत्री डॉ. कमला बेनीवाल का आज जयपुर में पूरे राजकीय सम्मान से अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और आमजन मौजूद थे। अंतिम संस्कार से पहले उनके पार्थिव शरीर पर लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किये। वहां मौजूद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि डॉ. बेनीवाल ने राज्य में विभिन्न विभागों में मंत्री रहने के दौरान उल्लेखनीय कार्य किया। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि डॉ. कमला ने पूरी गरिमा के साथ जनहित के कार्य किये और लोगों को राहत दी।

....................

जयपुर राजभवन में सिक्किम का स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। राज्यपाल कलराज मिश्र ने इस दौरान सिक्किम के स्थानीय लोगों से संवाद किया और उन्हें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर का यह प्रदेश प्राकृतिक दृष्टि से ही संपन्न नहीं है बल्कि भारत की सनातन संस्कृति का भी संवाहक हैं। उन्होंने सिक्किम राज्य के इतिहास और संस्कृति की चर्चा करते हुए कहा कि 16 मई को यह भारत का 22वां राज्य बना। राज्यपाल ने सिक्किम को घाटियों, वन और नदियों का प्रदेश बताते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए किए वहां के कार्यों से सीख लेने का भी आह्वान किया।
उन्होंने कहा कि यह देश का पहला जैविक प्रदेश है और जिस तरह से स्थानीय लोगों ने सिक्किम की प्रकृति संरक्षण परम्पराओं को सहेज रखा है, वह देश के अन्य राज्यों के लिए भी अनुकरणीय है। सिक्किम के स्थानीय लोगों ने इस अवसर पर राज्यपाल का अभिनंदन किया।

000

राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि ने राज्य के सरकारी अस्पतालों में मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना के तहत दवाओं का पर्याप्त स्टॉक रखने के निर्देश दिये हैं। वे आज जयपुर में प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में दवाओं की समुचित उपलब्धता और आपूर्ति को लेकर सभी जिला तथा मेडिकल कॉलेज दवा भण्डारों के प्रभारी अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस से समीक्षा कर रही थी। उन्होंने कहा कि कोई भी रोगी दवाओं की उपलब्धता को लेकर परेशान नहीं हों। उन्होंने इसके लिए औषधि भण्डार गृहों के प्रभारी अधिकारियों को चिकित्सा संस्थानों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए। प्रबंध निदेशक ने कहा कि योजना के तहत विभिन्न बीमारियों के इलाज में काम आने वाली महंगी दवाओं का भी जनहित में नि+शुल्क वितरण किया जाता है। इसके लिए ध्यान रखा जाए कि इन महंगी दवाओं का पूरा रिकॉर्ड संधारित हो। स्टॉक और वितरित दवाओं के रिकॉर्ड का नियमित रूप से मिलान किया जाए। श्रीमती गिरि ने कहा कि यदि भण्डार गृहों में लापरवाही के चलते औषधियां अवधिपार होती हैं तो संबंधित अधिकारी–कर्मचारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

000

देश में लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चार चरणों में 45 करोड से ज्यादा लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। निर्वाचन आयोग ने आज एक बयान में बताया है कि आम चुनाव के पहले चार चरणों में मतदान 66 दशमलव नौ–पांच प्रतिशत रहा है। आयोग ने मतदाताओं का आह्वान किया कि वे बाकी चरणों में बडी संख्या में वोट डाले। आयोग ने इस प्रयास में प्रसिद्ध हस्तियों के साथ ही सार्वजनिक और निजी संगठनों को भी शामिल किया है।

000

राज्य में लोकसभा चुनाव की आगामी 4 जून को होने वाली मतगणना के लिए मतगणना दलों के प्रशिक्षण का काम आज से शुरू हो गया है। झालावाड़ में आज मतगणना कार्मिकों को पहला प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी अजय सिंह राठौड़ ने कहा कि मतगणना के कार्य में भी सभी को पूरी मुस्तैदी रखनी है। उन्होंने कहा कि मतगणना के कार्य को पूरी सावधानी और सुचारू रूप से सम्पन्न करवाने के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार मतगणना दलों को तीन बार प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस बीच जिला निर्वाचन अधिकारी ने आज झालावाड़–बारां लोकसभा क्षेत्र की आठों विधानसभा क्षेत्रों की ईवीएम को वेयर हाउस में रखवाने के लिए की जाने वाली कार्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उधर पाली जिले में लोकसभा चुनाव के तहत मतगणना में लगे कार्मिकों का प्रशिक्षण 20 मई से होगा। कार्मिकों को 3 जून को दूसरा प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी एल एन मंत्री ने बताया कि मतगणना में लगे माइक्रो आर्ब्जवर, सीएस, सीए, सीए–2 को दो पारियों में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

000

राज्य के कृषि आयुक्तालय ने सभी जिला और ब्लॉक कृषि अधिकारियों को कृषि आदान निर्माता, विपणनकर्ता, डीलर और खुदरा व्यवसायियों द्वारा की जा रही अनियमितताओं के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं। कृषि आयुक्त कन्हैया लाल स्वामी ने बताया कि खरीफ सीजन शुरू होने वाला है। इसी के मद्दे नजर किसानों को अच्छी गुणवत्ता वाले कृषि आदान उपलब्ध कराने के लिए सभी कृषि अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिये गये है। उन्होंने बताया कि इसके लिए राज्य में खरीफ मौसम से पहले डेढ माह का सघन गुणवत्ता नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है जो 30 जून तक चलेगा।

**000**

प्रदेश में चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की ओर से मातृ शिशु स्वास्थ्य और पोषण दिवस पर आज प्राथमिक चिकित्सा केंद्रों, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनबाडी केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में टीकाकरण सत्रों का आयोजन किया गया। सवाईमाधोपुर में इस दौरान गर्भवती महिलाओं और बच्चों को टीके लगाए गए। गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था, टीकाकरण, पोषण, संतुलित आहार, समय पर एएनसी चेकअप करवाने संबंधी जानकारी दी गई तथा बच्चों का वजन लिया गया। सत्रों में जिन स्थानों पर कमियां पाई गई उनमें सुधार के निर्देश दिए गए। इसी तरह जैसलमेर में जिला प्रजनन और शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ नारायण राम ने सांवला, भोजका, धायसर, जावन्ध जूनी, जावन्ध नई, चांदन क्षेत्रों में टीकाकरण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने गर्भवती महिलाओं और बच्चों के टीकाकरण के लिए की गई व्यवस्थाओं तथा हेड काउंट सर्वे के बारे में जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

**000**

पाली जिले के रानी उपखंड के जीवन्द कला गांव में आंगनबाड़ी केंद्र नम्बर– 1 पर महिला और बाल विकास विभाग की ओर से वहां पढ़ने वाले 3 से 6 साल तक के बच्चों को आज पोशाक और पोषाहार बांटा गया। इस मौके पर मौजूद आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और बच्चों के अभिभावकों को स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के बारे में बताया गया।

**000**

भरतपुर जिले में एक सड़क दुर्घटना में एक महिला की मृत्यु हो गई और दो लोग घायल हो गये। ये दुर्घटना उच्चैन मार्ग पर फतेहपुर मोड़ के पास उस समय हुई जब सड़क पर बातचीत कर रहे एक ही परिवार के तीन लोगों को तेज गति में आ रहे एक मोटरसाइकिल सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

**000**

पुरातत्व एवं संग्रहालय निदेशालय ने 18 मई को विश्व संग्रहालय दिवस पर सभी सरकारी म्यूजियम और संरक्षित स्मारकों पर पर्यटकों का प्रवेश मुफ्त कर दिया है। इस मौके पर स्मारकों को साफ सुथरा रखने के निर्देश दिये गये हैं।

…………………